दिनांक–24.03.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- कांग्रेस ने चौथी लिस्ट में मध्यप्रदेश के 12 उम्मीदवार किए घोषित, दिग्विजय सिंह राजगढ़, रतलाम से कांतिलाल भूरिया, उज्जैन से महेश परमार को टिकट
- प्रदेश में सी-विजिल एप से हो रहा आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों का त्वरित निराकरण
- मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान जारी
- प्रदेश में होलिका दहन की तैयारियां पूरी, कल खेला जाएगा रंग

(1)कांग्रेस की चौथी लिस्ट

कांग्रेस ने लोकसभा प्रत्याशियों की अपनी चौथी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें मध्य प्रदेश की 12 सीटों के लिए भी नामों का ऐलान किया गया है। राजगढ़ सीट से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि रतलाम सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया को उतारा गया है। इंदौर से अक्षय बम और भोपाल से अरुण श्रीवास्तव को टिकट दिया गया है। सागर से गुड्डू राजा बुंदेला, रीवा से नीलम मिश्रा, शहडोल से फुन्देलाल मार्को, जबलपुर से दिनेश यादव, बालाघाट से सम्राट सारस्वत, होशंगाबाद से संजय शर्मा को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। इस लिस्ट में उज्जैन से महेश परमार और मंदसौर से दिलीप सिंह गुर्जर को टिकट दिया गया है। कांग्रेस अब तक राज्य की 29 में से 22 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है। गुना और विदिशा समेत 6 सीटें अब भी होल्ड पर हैं। जबकि खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ी गई है। राजगढ़ सीट से दो बार सांसद रहे है दिग्विजय सिंह को पार्टी ने टिकट दिया है। आखिरी बार वे 1991 में यहां से चुनाव जीतकर सांसद बने थे। अब 33 साल बाद एक बार फिर दिग्विजय सिंह राजगढ़ सीट से चुनावी मैदान में हैं। दिग्विजय सिंह 2019 का लोकसभा चुनाव भोपाल सीट से लड़ा था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

कांग्रेस 12 सीटों के लिए जारी अपनी इस लिस्ट में 2 सीटिंग विधायकों को टिकट दिया है। इनमें उज्जैन से महेश परमार और शहडोल से फुंदेलाल मार्को को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इससे पहले 10 सीटों के लिए घोषित प्रत्याशियों में 3 सीटिंग विधायक फूल सिंह बरैया को भिंड से, सिद्धार्थ कुशवाहा

को सतना से और ओमकार सिंह मरकाम को मंडला से टिकट दिया है। इस तरह कांग्रेस अपने 5 विधायकों को लोकसभा चुनाव का टिकट दे चुकी है।

(2)बीजेपी सीईसी बैठक

लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को मंजूरी देने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक कल नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित समिति के सदस्य और राज्यों के पदाधिकारी शामिल हुए। समिति ने तीन घंटे से अधिक समय तक उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श किया।

(3)चुनाव आचरण संहिता

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। 22 मार्च तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 173 शिकायतें प्राप्त हो चुकीं हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। श्री राजन ने प्रदेश के नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है।

इस एप के जरिए कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायत कर सकता है।

(4)मतदाता जागरूकता अभियान

प्रदेश में आगामी लोकसभा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। झाबुआ से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के खवासा में छात्राओं ने मानवीय आकृति और श्रृंखला बना कर मतदान के लिए संदेश दिया। रायसेन जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली, मेहंदी, रैली, चित्रकलां सहित अन्य मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजन कर मतदाताओं को लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। दमोह में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मानस भवन से घंटाघर के लिए कलश यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

(5)होलिका दहन

आज रात रंगो के पर्व होली के अंतर्गत होलिका दहन किया जाएगा। जबकि कल रंग खेले जाएंगे। राज्य के मालवांचल क्षेत्र में विशेष तौर पर इस त्यौहार को मनाया जाता है। आगरमालवा जिले से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में होली का त्यौहार अनूठे तरीके से मनाया जाता है। इसके लिये क्षेत्र में हलवाईयों की दुकानों पर इन दिनों शक्कर के गहने बनाये जा रहे है इन गहनों को ग्रामीणों द्वारा विशेष रूप से खरीदा जा रहा है। परम्पराओं के तहत इन गहनों को पहनकर होलिका की पूजा अर्चना की जाती है। होली पर्व पर मालवा क्षैत्र में आगरमालवा जिले के ग्रामीण क्षैत्रों में वर्षो से चली आ रही फागुनी की परम्परा का निर्वहन करने के लिये छोटे-छोटे बच्चे और युवक-युवतियां सगाई के बाद इस क्षैत्र में प्रचलित अपने-अपने ससुराल से भेजे गये शक्कर से बने गहनें हार, कंगन आदि को लड़कियाँ गले और हाथों में पहनकर होली के ड़ांडे की पूजा करने के लिये सजती हैं। उधर खंडवा जिले में भी आज देर रात को होलिका दहन होगा। देर रात अलग-अलग शुभ मुहूर्तों में बच्चे व युवा बड़े ही मस्तीभरे माहौल में पंडितों द्वारा पूजा-अर्चना कर होलिका दहन करेंगे। शहर में करीब  सौ स्थानो पर होलिका दहन किया जाएगा।

डिंडोरी में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं होली के त्यौहार के मद्देनजर सावधानियां को ध्यान में रखते हुए कल पुलिस फ्लैग मार्च का आयोजन किया। उमरिया में भी फ्लैग मार्च निकालकर होली का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया

गया। सतना जिले में लोकसभा निर्वाचन की प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुये नागरिक होली का पर्व मनाएंगे।

(6)धार संगीत समारोह

धार मे चल रहे तीन दिवसीय पद्मश्री फड़के संगीत समारोह का समापन कल शाम नृत्य विधा से हुआ। अंतिम दिन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कत्थक नृत्यांगना टीना तांबे मुम्बई द्वारा कथक नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों दी गई। उन्होंने अपने शास्त्रीय नृत्य में द्रोपदी चीरहरण, कान्हा राधा होली आदि नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वही स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति में धार के कला केंद्र की वृषाली देशमुख और उनकी शिष्याओ द्वारा दी गई विविध नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

गौरतलब है कि भोज शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फड़के संगीत समारोह में प्रथम दिन वादन, दूसरे दिन गायन की प्रतुतियां देश के ख्यातनाम कलाकारों द्वारा दी गई थी।

(7)आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में कल रात कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 4 रन से हरा दिया। जीत के लिए 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 204 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 208 रन बनाए थे। कोलकाता के आंद्रे रसेल ने 25 गेंदों पर नाबाद 64 रन बनाए जबकि हैदराबाद के लिए हेनरिक क्लासेन ने 29 गेंदों पर 63 रन का योगदान दिया। कोलकाता के लिए हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए जबकि हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने 3 विकेट लिए। आंद्रे रसेल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

आज भी दो मैच खेले जाएंगे, दोपहर साढ़े तीन बजे जयपुर में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा जबकि शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा।

अब कुछ **चुनाव** समाचार.....

- जबलपुर जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर आठों विधानसभा में कुल 26 चेक पोस्ट बनाए गए है। जहां पर 24 घंटे तीन पाली में कर्मचारी तैनात हैं।
- लोकसभा निर्वाचन तैयारियों के संबंध में कल रायसेन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।
- कल बैतूल कलेक्टर और संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में संसदीय क्षेत्र से संबंधित तीनों जिलों बैतूल, खंडवा और हरदा के कलेक्टर्स व पुलिस अधीक्षकों की बैठक संपन्न हुई।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव आज बड़वानी प्रवास पर रहेंगे, इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- जबलपुर उच्च न्यायालय ने भोपाल गैस त्रासदी के मुआवजा से जुड़े मामलों में सरकार के स्वास्थ्य विभाग को पक्षकार नहीं बनाने पर नाराजगी जताई है।
- मैहर में आम जनता की पेय जल सम्बंधी समस्या के निराकरण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने मैहर में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया है।

---

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1)कांग्रेस की चौथी लिस्ट

कांग्रेस ने लोकसभा प्रत्याशियों की अपनी चौथी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें मध्य प्रदेश की 12 सीटों के लिए भी नामों का ऐलान किया गया है। राजगढ़ सीट से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि रतलाम सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया को उतारा गया है। इंदौर से अक्षय बम और भोपाल से अरुण श्रीवास्तव को टिकट दिया गया है। सागर से गुड्डू राजा बुंदेला, रीवा से नीलम मिश्रा, शहडोल से फुन्देलाल मार्को, जबलपुर से दिनेश यादव, बालाघाट से सम्राट सारस्वत, होशंगाबाद से संजय शर्मा को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। इस लिस्ट में उज्जैन से महेश परमार और मंदसौर से दिलीप सिंह गुर्जर को टिकट दिया गया है। कांग्रेस अब तक राज्य की 29 में से 22 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है। गुना और विदिशा समेत 6 सीटें अब भी होल्ड पर हैं। जबकि खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ी गई है। राजगढ़ सीट से दो बार सांसद रहे है दिग्विजय सिंह को पार्टी ने टिकट दिया है। आखिरी बार वे 1991 में यहां से

चुनाव जीतकर सांसद बने थे। अब 33 साल बाद एक बार फिर दिग्विजय सिंह राजगढ़ सीट से चुनावी मैदान में हैं। दिग्विजय सिंह 2019 का लोकसभा चुनाव भोपाल सीट से लड़ा था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

कांग्रेस 12 सीटों के लिए जारी अपनी इस लिस्ट में 2 सीटिंग विधायकों को टिकट दिया है। इनमें उज्जैन से महेश परमार और शहडोल से फुंदेलाल मार्को को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इससे पहले 10 सीटों के लिए घोषित प्रत्याशियों में 3 सीटिंग विधायक फूल सिंह बरैया को भिंड से, सिद्धार्थ कुशवाहा को सतना से और ओमकार सिंह मरकाम को मंडला से टिकट दिया है। इस तरह कांग्रेस अपने 5 विधायकों को लोकसभा चुनाव का टिकट दे चुकी है।

(2)बीजेपी सीईसी बैठक

लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों को मंजूरी देने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक कल नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित समिति के सदस्य और राज्यों के पदाधिकारी शामिल हुए। समिति ने तीन घंटे से अधिक समय तक उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श किया।

(3)चुनाव आचरण संहिता

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। 22 मार्च तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 173 शिकायतें प्राप्त हो चुकीं हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। श्री राजन ने प्रदेश के नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है।

इस एप के जरिए कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायत कर सकता है।

(4)मतदाता जागरूकता अभियान

प्रदेश में आगामी लोकसभा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। झाबुआ से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के खवासा में छात्राओं ने मानवीय आकृति और श्रृंखला बना कर मतदान के लिए संदेश दिया। रायसेन जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली, मेहंदी, रैली, चित्रकलां सहित अन्य मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजन कर मतदाताओं को लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। दमोह में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मानस भवन से घंटाघर के लिए कलश यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

(5)आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में कल रात कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 4 रन से हरा दिया। जीत के लिए 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 204 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 208 रन बनाए थे। कोलकाता के आंद्रे रसेल ने 25 गेंदों पर नाबाद 64 रन बनाए जबकि हैदराबाद के लिए हेनरिक क्लासेन ने 29 गेंदों पर 63 रन का योगदान दिया। कोलकाता के लिए हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए जबकि हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने 3 विकेट लिए। आंद्रे रसेल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

आज भी दो मैच खेले जाएंगे, दोपहर साढ़े तीन बजे जयपुर में राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से होगा जबकि शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा।

---

--